आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि दो हजार चौबीस का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

मैं आज देशवासियों को धन्यवाद भी करता हूँ कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूँ।

प्रधानमंत्री ने तीस जून के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि आज हूल दिवस मनाया जाता है। यह दिन वीर सिद्धो और कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है और झारखंड के इन सपूतों का सर्वोच्च बलिदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– एक पेड़ माँ के नाम का उल्लेख किया।

इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है – 'एक पेड़ माँ के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी माँ के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में साठ हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के लिए उन्होंने कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। योग के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। उन्होंने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के पचास वर्ष पूरे कर रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद पवित्र रथयात्रा शुरू होने जा रही है। उन्होंने कामना की कि महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा सभी देशवासियों पर बनी रहे। उन्होंने अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी का भी उल्लेख किया तथा इन यात्राओं में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने आषाढ़ी बीज के लिए भी शुभकामनाएं दी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्यायें सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। शाहजहांपुर से पहुंचे कई लोगों ने जमीन कब्जे और पैमाइश की समस्या बतयी, जिस पर मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर सम्बन्धित मामलों की जांच कर के कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी तरह के मामले आगरा और कानपुर से भी आये। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है, जल्द कार्रवाई की जायेगी। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलायें धनाभाव के कारण अपनों का इलाज न हो पाने की भी समस्या लेकर पहुंची थी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन की कमी की वजह से किसी का इलाज प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने केजीएमयू के वीसी और सीएमएस को निर्देश दिये कि सम्बन्धित का इलाज तत्काल शुरू किया जाए।

****

अधिक से अधिक पात्र लोगों तक अपनी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये प्रदेश सरकार का समाज कल्याण विभाग ट्रांसफार्मेशन टीम और कन्सल्टेंट नियुक्त करेगा। ये टीम विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर जरूरी बदलाव के लिये समाधान प्रस्तावित करेगी। इस टीम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल किये जायेंगे। समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने निदेशक समाज कल्याण को एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मेशन टीम और कल्सटेंट की नियुक्ति कर लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजनाओं में आवश्यकतानुसार बदलाव कर के अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाए।

****

प्रदेश के उन्नीस सौ अट्ठासी बैच के आईएएस अफसर मनोज कुमार सिंह यूपी के नये मुख्य सचिव बनाये गये हैं। वह मुख्य सचिव के साथ ही बुनियादी ढांचा एवं औद्योगिक विकास आयुक्त पद की भी जिम्मेदारी देखेंगे। दुर्गा शंकर मिश्र को चौथी बार सेवा विस्तार नहीं मिलने से मुख्य सचिव का पद खाली हो गया था, जिस पर श्री सिंह की तैनाती की गयी है।

****